मेरे कहना पे टोना कर गयी गवालिन मस्तानी

मेरे कहना पे टोना कर गयी, गवालिन मस्तानी |
गवालिन मस्तानी, गवालिन दीवानी ||

चटक मटक को मेरो कहना, लागे प्यारो प्यारो |
रूप सोलोनो, मेरे कुंवर को, जग को दे उज्यारो |
मेरे कहना के पीछे पड़ गयी, गवालिन मस्तानी ||

नयी गुजरिया मेरे घर मे, जाने कहाँ से आ गयी |
नज़र घूर के ऐसो देखो, कहना को नज़र लगा गयी |
जाने कहा से आ कर मर गयी, गवालिन मस्तानी ||

आओ सखियो मेरे लाल की, कोई नज़र उतारो |
गवालिन ने आये के मेरे लाल पे, ऐसो जादू डारो |
मेरे कहना पे नीयत धर गयी, गवालिन मस्तानी ||

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/80/title/mere-kahna-pe-tona-kar-gayi-gwalin-mastaani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |